भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 05

दिनांक 29 जनवरी, 2026 को उत्तरार्थ

.....

जल शक्ति केंद्रों की स्थापना

05. श्री राजीव राय:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के विभिन्न राज्यों में जल शक्ति केंद्र (जेएसके) स्थापित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश में जेएसके स्थापित करने के लिए अब तक स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही जेएसके परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): जी, हां।

(ख): जल शक्ति केन्द्रों (जेएसके) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में संलग्न है।

(ग) और (घ): 'जल' राज्य का विषय है। जल संरक्षण सहित जल संसाधनों से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन, आयोजना, वित्तपोषण और निष्पादन राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा केन्द्रों की स्थापना और प्रचालन हेतु राज्यों को अलग से कोई निधि आबंटित नहीं की जाती है। इन केंद्रों का संचालन मानव और अवसंरचनात्मक संसाधनों के पूलिंग के माध्यम से किया जाता हैं। जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर) अभियान के तहत, उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक जल शक्ति केंद्र (जेएसके) स्थापित किया गया है और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार यह केंद्र पूर्णतः कार्यरत है। तदनुसार, जेएसए: सीटीआर अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को शामिल करते हुए कुल 75 जल शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक

"जल शक्ति केंद्रों की स्थापना" के संबंध में दिनांक 29.01.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 5 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

जल शक्ति अभियान:कैच दी रेन		
राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय		
जल शक्ति केंद्र रिपोर्ट (जेएसए: सीटीआर पोर्टल के अनुसार)		
(दिनांक 23/01/2026 की स्थिति के अनुसार)		
क्र.सं.	**राज्य**	**जेएसके स्थापित जिले**
1	जम्मू और कश्मीर	20
2	हिमाचल प्रदेश	12
3	पंजाब	23
4	चंडीगढ़	1
5	उत्तराखंड	12
6	हरियाणा	22
7	दिल्ली	8
8	राजस्थान	41
9	उत्तर प्रदेश	75
10	बिहार	38
11	सिक्किम	6
12	अरुणाचल प्रदेश	8
13	नागालैंड	8
14	मणिपुर	13
15	मिजोरम	4
16	त्रिपुरा	8
17	मेघालय	9
18	असम	30
19	पश्चिम बंगाल	23
20	झारखंड	19
21	ओडिशा	30
22	छत्तीसगढ	31

23	मध्य प्रदेश	50
24	गुजरात	33
25	महाराष्ट्र	35
26	आंध्र प्रदेश	26
27	कर्नाटक	31
28	गोवा	2
29	लक्षद्वीप	0
30	केरल	14
31	तमिलनाडु	38
32	पुदुचेरी	2
33	अंडमान और नोकोबार द्वीप समूह	3
34	तेलंगाना	33
35	लद्दाख	2
36	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	2
कुल		**712**

****